समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# BCCI को 'आंख' दिखा रहा क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका, रबाडा समेत 8 खिलाड़ी छोड़ेगें IPL 2025?

Publisher
Published on 14 May 2025



## क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (CSA) BCCI के सामने झुक नहीं रहा है. दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर IPL 2025 बीच मे हीं छोड़ वापस जा सकते है. CSA ने अपने खिलाड़ियों के लिए डेडलाइन रखी है.

आईपीएल 2025 17 मई से दोबारा खेला जाएगा. इससे पहले आईपीएल की कई टीमें परेशान हैं. इसकी वजह है विदेशी खिलाड़ियों का पूरे सीजन में न खेलना. अब ताजा खबर आई है कि दक्षिण अफ्रीका के 8 खिलाड़ी आईपीएल को बीच में छोड़ चले जाएंगे. दरअसल, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (CSA) ने अपने खिलाड़ियों के लिए आईपीएल में खेलने को लेकर डेडलाइन रखी है.

इसी को देखते हुए कहा जा रहा है कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका बीसीसीआई को आंख दिखा रहा है. रिपोट्र्स की मानें तो बीसीसीआई चाहता है कि सभी विदेशी खिलाड़ी पूरे आईपीएल में खेलें, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड ने अपना ही फैसला सुना दिया है.

बता दें कि आईपीएल 2025 फिर से 17 मई को शुरू होगा. अब लीग का फाइनल मुकाबला 3 जून को खेला जाएगा. वहीं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) का फाइनल खेला जाना है. इसी वजह से दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों के लिए आईपीएल में खेलने को लेकर डेडलाइन तय की है.

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने साफ कह दिया है कि WTC फाइनल की तैयारियां उसकी पहली प्राथमिकता है. इसी वजह से बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को 26 मई तक ही आईपीएल में खेलने को कहा है. CSA के हाई परफॉर्मेंस निदेशक एनोक एनक्वे ने प्रेस

कॉन्फ्रेंस में कहा, "यह खिलाड़ियों का व्यक्तिगत फैसला है कि उन्हें लीग खेलने वापस लौटना है या नहीं. टेस्ट खिलाड़ियों के लिए 26 मई की समयसीमा रखी गई है."

आईपीएल से बीच में लौटेंगे इतने दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी

दक्षिण अफ्रीका के 8 टेस्ट खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं. कगिसो रबाडा गुजरात टाइटंस में, लुंगी नगिदी आरसीबी में, ट्रिस्टन स्टब्स दिल्ली कैपिटल्स में, एडन मार्करम लखनऊ सुपर जायंट्स में, रियान रिकल्टन मुंबई इंडियंस में, कॉर्बिन बॉश मुंबई इंडियंस में, मार्को यानसेन पंजाब किंग्स में और वियान मुल्डर सनराइजर्स हैदराबाद में खेल रहे हैं. ये सभी आईपीएल को छोड़ बीच में वापस लौट सकते हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.